## एक नजर में

### नगरीय निकाय और पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

**धार.** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

### राज्य आनंद संस्थान का 19 जून तक ऑनलाइन अल्पविराम प्रशिक्षण आयोजित

**धार।** राज्य आनंद संस्थान, मध्य प्रदेश द्वारा 15 जून से 19 जून 2026 तक 5 दिवसीय ऑनलाइन अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से 7:30 बजे तक संचालित होगा। प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय दोनों क्षेत्रों के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष, 45 से 60 वर्ष तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी पात्र हैं। कार्यक्रम के लिए कुल 100 सीटें निर्धारित हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक राज्य आनंद संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट *https://www.anandsansthanmp.in* पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

### लाबरिया में जनकल्याण शिविर का भव्य आयोजन, 719 आवेदनों में से 252 का मौके पर ही निराकरण

**धार.** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर राजीव रंजन मीना के मार्गदर्शन में सोमवार को ग्राम लाबरिया में विशाल जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर के वंचित एवं पात्र हितग्राहियों तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करन था। कार्यक्रम का गरिमामयी शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए पात्र नागरिकों से इनका अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राहियों ने सहभागिता की, जहाँ अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निराकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 719 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रशासनिक तत्परता दिखाते हुए तत्काल 252 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को बड़ी राहत प्रदान की गई। शिविर में प्राप्त कुल 719 आवेदनों में विभागवार बड़ी संख्या देखने को मिली, जिसके अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से सर्वाधिक 276 आवेदन, सामाजिक न्याय विभाग से 156, महिला एवं बाल विकास विभाग से 112, राजस्व विभाग से 70, सहकारिता विभाग से 51, मत्स्य विभाग से 22, किसान एवं कृषि कल्याण विभाग से 19, श्रम विभाग से 6, उद्यानिकी विभाग से 4 तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग से 3 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड पंचायत अधिकारी श्री अंसार पठान सहित विभिन्न विभागों के समस्त अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, सजग अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित ग्रामीण नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# रैली से दे रहे मलेरिया से बचाव का संदेश




**सरदारपुर।** जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र जैन ने बताया कि मानसून के प्रारंभ होने व मानसून के पश्चात मच्छरों के उत्पत्ति स्थल बढ़ जाने के कारण मलेरिया जन्य परिस्थितियां निर्मित हो जाती हैं। एवं मलेरिया का प्रसार अधिक होने लगता है। इसी तारतम्य में मानसून प्रारंभ होने के पूर्व जून माह में जनमानस में जनजागृति लाने के लिए मलेरिया निरोधक गतिविधियां पूरे माह की जाती है।

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शीला मुजाल्दा द्वारा जन हित में अपील की गई है कि अपने घर, कार्यालय के आस पास जल जमाव नहीं होने दें। घर और छत पर रखी पानी की टंकी को ढक कर रखें, हर सप्ताह कूलर, टंकी, मटके होद, पशु पक्षी के पीने के कंटेनर को साफ करके फिर पानी भरे, बुखार आने पर तुरंत अपने क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता, अथवा निकटतम शासकीय स्वास्थ केंद्र में जाकर मलेरिया की जांच करवाए, मलेरिया पाए जाने पर तत्काल उपचार लेवे, सोते समय मच्छर दानी लगाकर सोए।

जिला व्हीबीडी सलाहकार रेवचंद्र कटारे ने बताया कि मलेरिया निरोधक माह के दौरान वाहक जनित रोग नियंत्रण की गतिविधियां जैसे बुखार के रोगीयो की मलेरिया जांच कर मलेरिया पाए जाने पर उसका पूरा उपचार करना, मच्छरों के उत्पत्ति स्थल जहा मच्छर के लार्वा पनपते हैं। उनका निस्पादन करना, जन मानस में जागरूकता लाने के लिए ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता द्वारा मलेरिया नियंत्रण एवं बचाव के लिए स्लोगन, नारे लेखन, का कार्य मलेरिया माह के दौरान किया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र जैन ने बताया कि मलेरिया निरोधक माह जून में मलेरिया प्रचार रथ आज दिनांक 15 जून 2026 को विकास खंड सरदारपुर के के ग्राम सुल्तानपुर, राजपुरा, अमझेरा, चांलनी, सरदारपुर एवं रिंगनोद में जनकल्याण शिविर एवं गांव में शामिल होकर प्रचार-प्रसार कर मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण जांच, उपचार का प्रचार प्रसार किया गया। मलेरिया रथ के साथ जिला मलेरिया कार्यालय के कर्मचारी और व्ही.बी. डी. सुपर वाइजर श्री जितेंद्र चौधरी स्थानीय स्वास्थ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## वृद्धजन के प्रति दुर्व्यवहार वैश्विक समस्या : दिनेश वर्मा

**धार।** वृद्धजन हमारे लिए सदैव सम्मानित है। संयुक्त परिवार में रहने वाले वृद्धजन सम्मानित व सुरक्षित रहे। वृद्धजन अनुभव देने वाले व मार्गदर्शक है। वृद्धजनों के प्रति संवैधानिक अधिकार व भरणपोषण अधिनियम के प्रावधान है। ज्यादा विश्वास व अतिरिक्त अपेक्षा भी दुर्व्यवहार का कारण बनती है। सम्पत्ति से ज्यादा नई पीढ़ी को सन्मति देना आवश्यक है।

ये विचार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व भोज शोध संस्थान द्वारा श्रद्धालय वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में उपसंचालक श्री दिनेश वर्मा ने व्यक्त किए। आयोजन अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार निवारण दिवस के परिपेक्ष्य में किया गया था। वृद्धजन अनुभव में महेश पाटीदार, प्रकाश खांडेकर, पूरनचंद सक्सेना ने उदगार व्यक्त किए।

## 24 जून को होगा वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का वार्षिक आयोजन

**धार.** वैश्य महासम्मेलन म प्र जिला महिला इकाई द्वारा अपने वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 24 जून को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें पर्यावरण आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता जिसमें तीन केटेगरी उम्र 8वर्ष से 12 वर्ष, 12 से 20 एवं इसके ऊपर शेष सभी, महिलाओं के लिए चेयर रेस प्रतियोगिता एवं 15 वर्ष से अधिक के सभी वर्ग के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता विषय रहेगा।

आधुनिक दौर में मोबाइल का उपयोग वरदान है या अभिशाप साथ ही साथ उसी दिन वैश्य शिरोमणि संरक्षण माननीय उमाशंकर जी गुप्ता का जन्म दिवस भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक दीपिका अंबोर एवं जिला अध्यक्ष रेखा विजय मेहता ने बताया कि इस आयोजन के लिए समाज स्तर पर प्रचार प्रसार जारी है और प्रत्येक समाज में प्रत्येक वर्ग में या जानकारी पहुंच रही है। साथ ही महिला कार्यकर्ताओं में इतना उत्साह है कि यह आयोजन सफल बनाने के लिए वह सभी को आमंत्रित भी कर रही है। और दूरभाष पर भी चर्चा कर रही है। इस कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी रखा गया है जिसमेंग्रुप की सभी महिलाओं ने धार की लोकप्रिय सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर एवं धार की लोकप्रिय विधायक श्रीमती नीना वर्मा को भी आमंत्रित किया गया है। उनके द्वारा स्वीकृति भी प्रदान की गई है। महिला इकाई धार की सभी पदाधिकारियों ने समाज जन से बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए आवाहन किया है। सफल बनाने की अपील नीलम पगारिया, सरोज सोनी, अनीता खंडेलवाल, सुनीता महेश्वरी, किरण बाफना, पिंकी जायसवाल, सारिका ला?, चेतना छाब?ा, दीपिका अंबोर, प्रतिज्ञा अग्रवाल, पायल गोयल, मीना मित्तल, सुधा जैन, उषा जैन, ब्रजलता विजयवर्गीय, रत्नमाला सुगंधी, वर्षा अग्रवाल आदि ने की।

## एमपी ट्रांसको की बदनावर राजगढ़ में कार्यशाला

**धार.** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सबस्टेशन संचालन एवं सुरक्षा से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में धार जिले के बदनावर व राजगढ़ टेस्टिंग डिवीजन मुख्यालयों मे यह कार्यशालायें अधीक्षण अभियंता श्री शेखर फटाले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

इनमें सबस्टेशन मेंटेनेंस एवं आपरेशन कार्यों के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाओं को बिंदुवार रूप से समझाया गया एवं कार्यस्थल पर लापरवाही रोकने के महत्व पर विशेष जोर देते हुए दुर्घटनाओं से बचाव हेतु व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी, जिससे कार्मिकों एवं उपकरणों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

सुरक्षित कार्यशैली से कराया गया अवगत- प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्री शेखर फटाले ने एम.पी. ट्रांसको की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत निर्धारित स्टेंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर(एसओपी) एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने पर बल दिया।

प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत पारेषण बनाए रखने हेतु समन्वित टीमवर्क के रूप में कार्य करने के प्रति जागरूक भी किया गया। इन कार्यशालाओं में धार जिले के अभियंताओं, एवं तकनीकी स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान

**सरदारपुर.** रविवार को मां माही नदी को क्षरण से बचाने उसका संरक्षण, संवर्धन एवं गहरीकरण के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान समिति सरदारपुर के तत्वाधान में एक स्वच्छता अभियान मां माही नदी के तट पर लगातार 3 घंटे श्रमदान किया गया! इस आयोजन में सरदारपुर नगर की ह्यस्त्रद्ब सु श्री सलोनी अग्रवाल, ह्यस्त्रश्च्च श्री विश्वदीप परिहार सर, वायब्रेंट वूमन इनरव्हील संस्था की अध्यक्ष सीमा जैन मेम उनकी टीम, शिक्षाविद सुशील जैन, यशवंत शुक्ला, विष्णु रघुवंशी सर, शिरीन कुरैशी मेम, डॉ सचिन द्विवेदी सर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रति. धर्मेन्द्र मंडलोई भाजपा मंडल अध्यक्ष ओंकार जाट, जन अभियान परिषद अधिकारी कमल मेढ़ा सर एवं उनकी टीम, नगर परिषद के दरोगा अरुण जी गोखले परवेज लोदी और उनकी टीम, लोकेंद्र जी सोनी, संयम जी सोनी, दीपू सोनी, शेरू बाबा आदि लोग उपस्थित थे।

## मॉर्निंग वॉक कर रही महिलाओं से लूट, युवती समेत 3 बदमाश फरार

- बातों में उलझाकर मंगलसूत्र और चेन छीनी
- इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं के गले से बाइक सवार तीन बदमाशों ने मंगलसूत्र और चेन झपटकर फरार हो गए. वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों में एक युवती भी शामिल है.**

घटना तलावली तालाब के पास की है. अमिता श्रीवास्तव अपनी सहेली सविता (निवासी स्मार्ट होम) के साथ मॉर्निंग वॉक पर गई थीं. इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक और एक युवती वहां पहुंचे. बाइक पर पीछे बैठी युवती ने बायपास का रास्ता पूछने के बहाने दोनों महिलाओं को बातचीत में उलझा लिया. इसी दौरान युवती और एक युवक ने महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और चेन झपट ली. वारदात के बाद तीनों बाइक से फरार हो गए. महिलाएं संभल पातीं, उससे पहले आरोपी मौके से निकल चुके थे. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया. कुछ फुटेज मिले हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है. पुलिस हीरानगर और परदेशीपुरा क्षेत्र के संदिग्ध बदमाशों की जानकारी भी जुटा रही है.

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और खेल विद्या में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

**सरदारपुर।** गवली यादव समाज बहुउद्देशी संस्था संगठन मध्य प्रदेश के मार्गदर्शन में 14 जून को स्थानीय नगर सदरपुर में गवली समाज सरदारपुर एवं रिगनोद के कक्षा दसवीं एवं 12वीं में 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 19 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं 03 खेल विद्या में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का संगठन के प्रमाण पत्र और सरदारपुर समाज की ओर से ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मान किया।

कार्यक्रम की मुख्य धारा में संगठन के सबसे वरिष्ठ सम्माननीय सदस्य पटेल साहब लालजु की बस्ती, घनश्याम रैकवार सेवानिवृत्ति फौजी, किशोर मेहता महू, अजय दुबेला मुसाखेड़ी, कैलाश मसानिया, मनोज चौधरी बड़ी ग्वाल टोली इंदौर, ओमप्रकाश गुजेला रावला, सोहन जी ररा कुक्षी, हरीश जी राठोर सेवानिवृत्ति फौजी वर्तमान में पोस्ट मास्टर, मंदसौर, कैलाश जी चौधरी, परमानंद राठौड़, मुकेश मोरिया, श्याम जी रोतेला रतलाम, मोहन चौधरी, भागीरथ जी चंदेल, राजेंद्र मोरिया, गोपाल मोरिया, महेश मोनिया पटेल पेटलावद, राकेश जी हिनवार, कुंदन जी सतोगिया (बाबू भाई), झाबुआ, थांदला से दिनेश मौर्य सहित स्थानीय सरदारपुर नगर में प्रतिभा सम्मान के पश्चात संगठन के सदस्य तथा हिसाब किताब पारदर्शिता के साथ रखने हरीश राठौर, राजेंद्र मोरिया एवं दिनेश मोरिया वर्ष भर का आय व्यय हिसाब प्रस्तुत किया तथा समस्त राशि खाते में जमा है जिसमें बैंक पासबुक में एंट्री दिखाई गई तथा समस्त प्रकार के बिल वाउचर सहित प्रस्तुत किये। संगठन के नियमों वाली एवं पूर्व में निर्धारित बिंदुवार ऐजेन्डे पेपर चर्चा की गई तथा प्रत्येक प्रस्ताव पर कार्य करने की सर्वानुमति से मोहर लगाई वर्तमान समय की मांग को देखते हुए समस्त सदस्यों को निर्देशित किया गया कि 15 जुलाई तक जिन-जिन गांवों के सदस्य संगठन में जुड़े हैं वहां पर निवासरत विवाह योग्य युवक युवती की जानकारी के लिए फार्म वितरित किया तथा एक बुक प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया।

संगठन के सदस्यों द्वारा स्थानीय कार्यकर्ता धर्मेंद्र जी मेहता और रवि जी गुजेला की व्यवस्था को देखते हुए बहुत-बहुत बधाई दी और भुरी, भुरी प्रशंसा की गई?। साथी सरदारपुर नगर में संगठन के द्वारा पूर्व में किए गए कार्यक्रम तथा आज के महत्वपूर्ण एवं सफल आयोजन के उपलक्ष में सरदारपुर नगर से संगठन की कार्य शैली से प्रभावित होकर निम्न सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में जगदीश गुजेल, हेमराज भागीरथ गुजेला, गोपाल हरि गुजेला, प्रहलाद मुरली गुजेला, बाबूलाल हरि जी गुजेला, भेरू दुलीचन्द गुजेला, नारायण दुलीचद मेहता, राहुल मन्नालाल दुबेला, लखन स्वर्गीय नारायण गुजेला, संतोष धन्नालाल मेहता,11, पटेल साहब लालजी की बस्ती महू,12, श्याम जी रोतेला, रतलाम, इन सभी लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है सरदारपुर से नगर से मांगू जी चौधरी, दुल्ली सरवन जी परसराम जी, कन्हैया, लालजु गुजेला दुलीचंद जी, धन्नामेहता, मुन्नालाल जी दुबेला, मुकेश मोरिया, पप्पू रैकवार, कान्हा जी मन्नू पूनम कालू जी वासु जी गोलू जी गुजेला बाबूजी पटेल बड़ी संख्या में प्रतिभावान विद्यार्थी और उनके माता-पिता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन कैलाश जी मसानिया और सोहन ररा आभार धर्मेंद्र जी मेहता और रवि गुजेला सरदारपुर ने संगठन की और से माना।

## कलेक्टर ने योजनावार कड़ी मॉनिटरिंग किए जाने के दिए निर्देश

- मांडू में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम
- आज कुक्षी में होगी जनसुनवाई



**धार।** कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ शासन की प्राथमिकताओं और महत्वपूर्ण अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जनकल्याण शिविरों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कड़े निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही को चिह्नित कर शिविर के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। इस महाभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नेतृत्व करते हुए योजनावार कड़ी मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

कलेक्टर ने आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग को विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जिले का मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक नगरी मांडू में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग एक हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, जिला मुख्यालय पर योग का कार्यक्रम साई हॉल में संपन्न होगा। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों एवं विकासखंड स्तर पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी मानसून और बारिश को दृष्टिगत रखते हुए सभी स्थलों पर वॉटरप्रूफिंग सहित आवश्यक व सुरक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने बैठक में विशेष रूप से निर्देशित किया कि इस मंगलवार, 16 जून को लोक सेवा केंद्र कुक्षी में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसकी तैयारियों और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए। समान नागरिक संहिता के संबंध में आवश्यक सुझाव जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून निर्धारित की गई है।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन

**मनावर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की सेवा, सुशासन, जनकल्याण एवं विकास की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण धार जिला द्वारा जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन साई रेसिडेंसी, मनावर में किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर एवं मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल तथा भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंचल पाटीदार ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान, विश्वास और समर्पण के कारण भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं।

## नगर निगम कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

- पत्नी से विवाद के बाद तनाव में था कर्मचारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** एरोड्रम थाना क्षेत्र में शनिवार शाम नगर निगम के एक कर्मचारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय वह घर में अकेला था. मां के वापस लौटने पर मामले का खुलासा हुआ.

मृतक की पहचान अखिलेश चौहान उम्र 35 साल पिता लीलाधर चौहान, निवासी छोटा बांगड़दा, तेजाजी मंदिर के पास के रूप में हुई है. वह नगर निगम के जोन-16, वार्ड-15 में कचरा कलेक्शन वाहन का चालक था. शनिवार शाम घटना के समय उसकी मां सब्जी मंडी गई हुई थीं, जबकि पत्नी बच्चों के साथ मायके गई थी. घर में अकेले



होने के दौरान अखिलेश ने फांसी लगा ली. मां जब वापस लौटीं तो बेटे को फंदे पर लटका देखा. इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मृतक हनुमानजी का भक्त था और उसने फांसी लगाने से पहले भगवान की तस्वीर सीने से लगा रखी थी. परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था. इसी के चलते पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई थी और वापस नहीं लौटी थी. आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव में आकर अखिलेश ने यह कदम उठाया. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## एक नजर में

**जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज के दिव्य आशीर्वाद से यह निर्णय लिया कि प्रतिष्ठा महोत्सव तक प्रत्येक जैन परिवार प्रतिदिन एक आयंबित अवश्य करेगा**

# शांतिनाथ जिन मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव तक आयंबिल तप का संकल्प

**कुक्षी।** धर्मधरा कुक्षी इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और तपस्या के अनुपम संगम का साक्षी बन रही है। विश्वपूज्यनीय आचार्य भगवंतों के दिव्य आशीर्वाद एवं वर्तमान गच्छाधिपति प्रतिष्ठाचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी महाराजा की पावन निश्रा में निर्माणाधीन श्री शांतिनाथ जिन मंदिर की प्रतिष्ठा महामहोत्सव की तैयारियों के बीच सकल जैन श्रीसंघ ने एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी संकल्प लिया है।

मंदिर के शिलान्यास के समय समाज के वरिष्ठजनों एवं धर्मप्रेमी श्रावक-श्राविकाओं के हृदय में यह भाव जागृत हुआ कि मंदिर निर्माण की इस पुण्य यात्रा को केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित न रखते हुए तप एवं आराधना से भी जोड़ा जाए।

यह भाव जब सकल जैन समाज के समक्ष रखा गया तो पूरे समाज ने एक स्वर में इसकी स्वीकृति प्रदान की। इसके पश्चात पुण्यसम्राट श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी महाराजा के दिव्य आशीर्वाद से यह निर्णय लिया गया कि प्रतिष्ठा महोत्सव तक प्रत्येक जैन परिवार प्रतिदिन कम से कम एक आयंबिल अवश्य करेगा।

धर्मभावना से ओतप्रोत इस संकल्प के साथ आयंबिल तप का क्रम प्रारंभ हुआ, जो आज भी निरंतर जारी है। अनुमान है कि मंदिर के शिलान्यास से लेकर प्रतिष्ठा महामहोत्सव तक कुल 2558 आयंबिल पूर्ण होंगे। यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि कुक्षी जैन समाज की अटूट श्रद्धा, समर्पण और प्रभु भक्ति का जीवंत प्रमाण है।वर्ष 2018 में मातृहृदया साध्वी श्री अविचलदृष्टाश्रीजी महाराज की प्रेरणा एवं प्रवचनों से मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य नई गति से आगे बढ़ा। 15 अगस्त 2018 को विधि-विधानपूर्वक प्रभु प्रतिमाओं का उत्थापन किया गया और उन्हें नगर स्थित सीमंधर स्वामी जिनालय में मेहमान स्वरूप विराजमान किया गया। इसके बाद समाजजनों ने तन, मन और धन से इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभाई। 12 जून 2019 को भूमि शुद्धिकरण एवं भूमिपूजन का पावन आयोजन सम्पन्न हुआ तथा 17 जून 2019 को आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी महाराजा के मंगल प्रवेश के साथ मंदिर निर्माण की यात्रा ने नया आयाम प्राप्त होगा।

आज जब प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभ समय निकट आ रहा है, तब कुक्षी का प्रत्येक जैन परिवार तप, त्याग, आराधना और प्रभुभक्ति के माध्यम से इस ऐतिहासिक क्षण का सहभागी बन रहा है।आयंबिल तप की यह अखंड साधना आने वाली पीढ़ियों के लिए श्रद्धा, समर्पण और धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण बनकर इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में अंकित होगी।प्रभु श्री शान्तिनाथ जी मंदिर जीर्णोद्धार की प्रेरक साध्वी श्री अविचल दृष्टा श्री जी आदि ठाना का आज सोमवार कुक्षी नगर में प्रवेश हुआ श्री संघ अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों एवं समाजजनो ने साध्वी श्री की अगवानी की।

### इतिहास के स्वर्णिम पन्नों से जुड़ा है मंदिर.

कुक्षी तीर्थाधिपति श्री शांतिनाथ प्रभु मंदिर का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। संवत 1548 में प्रतिष्ठित इस मंदिर का जीर्णोद्धार संवत 1873 में तपागच्छाचार्य विजय जिनेन्द्रसूरि महाराज के करकमलों से संपन्न हुआ था। समय के साथ मंदिर अपने जीर्णोद्धार के द्विशताब्दी वर्ष में प्रवेश कर गया, जिसकी उजमणी वर्ष 2016 में अत्यंत उल्लास एवं धार्मिक वातावरण में मनाई गई। इसी अवसर पर कुक्षी श्रीसंघ पर विशेष स्नेह रखने वाले पुण्य सम्राट आचार्य श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी महाराजा ने समाज को संदेश दिया कि अब समय आ गया है जब श्री शांतिनाथ प्रभु को एक नवीन एवं भव्य जिनालय में विराजमान किया जाए। गुरुदेव के इस प्रेरक संदेश ने समाज के हृदय को स्पर्श किया और मंदिर निर्माण का सपना आकार लेने लगा।